मसालेदार व नकली विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

Publish Date:Fri, 04 May 2018 06:51 PM (IST)

लखीसराय। उत्पाद विभाग की पुलिस ने गुरुवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर किऊल रेलवे स्

लखीसराय। उत्पाद विभाग की पुलिस ने गुरुवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर किऊल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 3 से तीन बोरा में भरा 200 एमएल का 700 पाउच देसी मसालेदार शराब एवं दो बैग में भरा 102 बोतल रॉयल स्टैग ब्रांड की नकली विदेशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान बोकारो (झारखंड) के चंद्रपुरा निवासी गरीबन साव के पुत्र सुनील कुमार के रूप में की गई। अवर निरीक्षक उत्पाद शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि अप सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन से भारी मात्रा में शराब उतारकर किसी को सौंपा जाएगा। इसी सूचना के आधार पर उन्होंने पुलिस बल के साथ किऊल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 3 पर उक्त ट्रेन का इंतजार करने लगे। देर शाम ट्रेन के प्लेटफार्म सं. 3 पर रूकते ही सुनील कुमार तीन बोरा एवं दो बैग के साथ ट्रेन से उतरकर स्टेशन से बाहर निकलने लगा। इसी दौरान उसे रोक कर बोरा एवं बैग की तलाशी ली गई। तलाशी में बोरा से 200 एमएल का 700 पाउच देसी मसालेदार शराब एवं बैग से 750 एमएल का 6 बोतल एवं 180 एमएल का 96 बोतल रॉयल स्टैग ब्रांड का नकली विदेशी शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि सुनील कुमार लखीसराय के ही दो कारोबारी को शराब का खेप पहुंचाने आया था। इस संबंध में उत्पाद थाना कांड सं. 07/18 के तहत चंद्रपुरा, बोकारो निवासी सुनील कुमार सहित तीन लोगों को नामजद किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद विदेशी शराब प्रथम ²ष्ट्या नकली प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि उक्त शराब की जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा जाएगा।

Source: https://www.jagran.com/bihar/lakhisarai-one-smuglor-arrested-by-police-to-illicit-liquor-17911324.html